Reg. No. : ...................................

Name : ..........................................

**S-2215**

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY**
**SAY / IMPROVEMENT EXAMINATION, JUNE – 2023**

Part – III

**HINDI (Optional)**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

सुबह, मैं अपने कान लगाता हूँ चिड़ियों का गान सुनने
पड़ोस के वार्ड में हृदय-रोगी की
आखिरी चीख मैं सुनता हूँ
दोपहर, मैं दोस्त का पत्र लानेवाले डाकिए की प्रतीक्षा करता हूँ
कड़वी दवाओं का पर्चा लेकर
डॉक्टर अंदर आता है ।
शाम, मैं राह देखता हूँ पत्नी की, सेब लिए
अँधेरा अकेलापन खामोशी
से कमरे में घुसता है ।

1. इस कवितांश के कवि कौन हैं ? **(1)**

(सच्चिदानंद, निराला, उदय प्रकाश)

2. सुबह कवि क्या सुनता है ? **(1)**

3. कवि और काव्यधारा का परिचय देते हुए कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

4. सही मिलान करें ।

| (क) | (ख) |
|---|---|
| एक अंतरंग परिचय | कविता |
| साँप | कहानी |
| अलबम | डायरी |
| वास्तव में घर एक पाठशाला है | जीवनी |

**(4)**

**सूचना : 'खोई हुई वस्तु की खोज' पाठ का अंश पढ़ें और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

मैं मानता हूँ कि कभी-कभी वस्तु के खो जाने से विशेष कष्ट होता है । कभी-कभी भोज में जी खोलकर भोजन करने से अपच होता है । फिर भी हम भोजन को ठूँसना नहीं छोड़ते । इस प्रकार हम खो जाने के भय से वस्तुओं को ठिकाने से रखने की चिंता नहीं करते । 'आपने सौ वर्ष जीने का' अथवा अमर होने का उपाय किसी-न-किसी पुस्तक में अवश्य पढ़ा होगा । आपने विचार करके देखा होगा कि अमर होने के लिए मनुष्य को ऐसे उपायों का अवलंबन करना पड़ेगा कि उसका जीवन ही भार-सा हो जाएगा ।

5. क्रिया-विशेषण शब्द चुनकर लिखें ।

(कभी-कभी, विचार, अमर) **(1)**

6. वस्तु के खो जाने से क्या होता है ? **(1)**

7. मनुष्य का जीवन ही भार-सा हो जाता है। कब? **(2)**

8. उचित शीर्षक के साथ खंड का संक्षेपण करें। **(6)**

**सूचना : 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें।** **(2 × 2 = 4)**

9. राजभाषा के रूप में हिन्दी को क्यों चुन लिया गया है ?

- समृद्ध साहित्य भंड़ार
- केन्द्र की भाषा

10. यात्रावृत्त से क्या तात्पर्य है ?

- यात्रा-अनुभवों की कलात्मकता के साथ प्रस्तुति
- कल्पना की ज़्यादा गुंजाइश नहीं।

11. जीवनी साहित्य की विशेषता क्या है ?

- प्रतिष्ठा प्राप्त व्यक्ति के जीवन की घटनाओं का वर्णन
- चरित नायक की विशेषताओं, महनीय कृत्यों तथा सफलता-असफलताओं का वर्णन

12. प्रेमचंद युगीन उपन्यास साहित्य की विशेषता क्या है ?

- उपन्यास को मानव जीवन के अधिक निकट लाना
- अनेक प्रतिभाओं का उदय

**सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 4 = 12)**

13. जीवन–वृत्त पढ़ें और सुदर्शन के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | बदरीनाथ |
| जन्म | : | 1896 |
| जन्मस्थान | : | सियालकोट |
| कालजयी रचनाएँ | : | हार की जीत, सच का सौदा, परिवर्तन, गुरुमंत्र, अंधकार, दिल्ली का अंतिम दीपक |
| विशेषताएँ | : | मध्यमवर्ग की सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं का विश्लेषण करने में अपूर्व सफलता |
| मृत्यु | : | 1967 |

14. अलबम कहानी के मुख्य पात्र लाला सदानंद का चरित्र–चित्रण लिखें ।

- सज्जन और उपकारी
- सेवा भाव
- अपने पुरोहित का आदर करनेवाला

15. नुक्कड़ नाटक की क्या–क्या विशेषताएँ हैं ?

- राजनीतिक विचारधारा से प्रेरित
- किसी भी उद्देश्य को सामने लाना
- प्रमुख प्रवर्तक

16. आत्मकथा साहित्य की विशेषताएँ क्या-क्या हैं ?

- चरित नायक स्वयं लेखक
- मुक्त यथार्थ की अभिव्यंजना
- समकालीन इतिहास का विवेचन

**सूचना : 17 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 6 = 18)**

17. 14 सितंबर को स्कूल में हिन्दी दिवस मनाने का आयोजन किया जा रहा है । इसके लिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

- राजभाषा और राष्ट्रभाषा
- अधिकांश लोगों की परिचित भाषा
- एकता की भाषा

18. निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड का हिन्दी में अनुवाद करें ।

Library is a place that stores a variety of books. Students visits the school library once in a week. Various story books, novels, poetry etc. are present in libraries. We can also issue books from the library for a few days.

[Library – वाचनालय, Week – सप्ताह, Various – कई प्रकार]

19. 'पासवानजी ने बहुत श्रम और विवेकपूर्ण ढंग से प्रश्न तैयार किए थे' – पासवानजी और रामदरश मिश्र के बीच की बातचीत तैयार करें ।

- बत्तीस मिनट की बातचीत
- रचनाओं से गुज़रते हुए बातचीत
- साहित्य और जीवनी की जुगलबंदी

20. "मैंने उन्हें पर्दे की ओट से आखिर देख ही लिया और देखती ही रह गयी ..." । रांगेय राघव से अपने मिलन का यह अनुभव लेखिका ने डायरी में कैसे लिखा होगा ? कल्पना करके लिखें ।

- सुंदर और भव्य व्यक्तित्व
- आँखों की निराली चमक
- राम की प्रतिमूर्ति

**सूचना : 21 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **($3 \times 8 = 24$)**

21. फ्लाट में हुई अनोखी घटना के बारे में डॉक्टरनी अपनी सहेली को पत्र लिखती है । वह पत्र लिखें ।

- युवा डॉक्टरनी का आगमन
- बिल्डिंग के लोगों के व्यवहार में परिवर्तन
- लिफ्ट में टँगी हुई सूचना
- सज्जन द्वारा रुपए सौंपना

22. कहानी साहित्य पर लेख तैयार करें ।

- आकर्षक, रमणीय, सारगर्भित
- मनोरंजन का साधन
- जीवन के किसी अंग या किसी एक मनोभाव का प्रदर्शन
- कहानी के विकास के विभिन्न युग

23. उपन्यास साहित्य पर एक निबंध तैयार करें ।

- उपन्यास का अर्थ
- मनुष्य के वास्तविक जीवन की काल्पनिक कथा
- उपन्यास विधा का वर्गीकरण
- प्रेमचंद युग का उपन्यास

24. 'राजभाषा हिन्दी का प्रचार' इस विषय पर एक आलेख तैयार करें ।

- हिन्दी परीक्षाएँ चलाना
- हिन्दी पढ़नेवाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन
- नकद पुरस्कार देने का आयोजन
- हर साल हिन्दी सप्ताह या हिन्दी पखवाड़ा मनाना ।